GRADE:-VIII | **SCHOOL** | SUBJECT:- HINDI

Time:- 2:00 HOURS | ASSESSMENT-1 | MM:-35

नोटः– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

खण्ड 'अ' व्याकरण

प्रश्न–1 दिये गए अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (2)

हिंदी एक ऐसी समृद्ध भाषा है, जो अपने साहित्य और साहित्यकारों की दृष्टि से पर्याप्त समुन्नत कही जा सकती है। हिन्दी साहित्य के इतिहास में समय–समय पर ऐसे अनेक साहित्यकार हुए हैं जिन्होंने अपने लेखन द्वारा देश ही नहीं, विश्व की विचारधारा को भी प्रभावित किया। प्रेमचंद भी एक ऐसे साहित्यकार थे, जो सच्चे गांधीवादी और समाजहित के चिंतक और विचारक के रूप में आते हैं। प्रेमचंद का जन्म सन् 1880 ई. में काशी के निकट लमही गाँव में हुआ था। उनके बचपन का नाम धनपत राय था। पिता की अल्पायु में ही मृत्यु हो जाने के कारण इनका जीवन संघर्षों में बीता। स्कूल में बीस रुपये की अध्यापक की नौकरी करते हुए इन्होंने बी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की और फिर स्कूलों के सब डिप्टी इंस्पेक्टर हो गए, लेकिन गांधी जी से प्रभावित होकर नौकरी छोड़ दी और देश–सेवा में जुट गए। इन्होनें 'हंस', 'मर्यादा' व 'माधुरी' पत्रिकाओं और 'जागरण' पत्र का संपादन किया। संघर्षों से जुझते हुए रोगग्रस्त होकर सन् 1936 ई. में ये मृत्यु को प्राप्त हो गए।

1. हिन्दी साहित्य में कितने साहित्यकार हैं ?
2. प्रेमचंद कौन थे ?
3. प्रेमचंद जी का जन्म कहाँ हुआ था ?
4. प्रेमचंद जी ने कहाँ तक पढ़ाई की ?

Downloaded From www.icseboard.org

प्रश्न–2 दिए गए विषयों मे से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। (2)

1) पुस्तक विक्रेता को पुस्तक बदलने के लिए पत्र।

2) अपने क्षेत्र में विद्युत से उत्पन्न समस्या के संबंध में पत्र।

प्रश्न–3 दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर अपने शब्दों में वर्णन कीजिए– (2)

प्रश्न–4 एक शब्द में उत्तर दीजिए – (2)

1. वे शब्द जो विदेशी भाषा से हिंदी भाषा में आए है उन्हें क्या कहते हैं?

2. पुरूषवाचक सर्वनाम कितने प्रकार के होते है?

3. शब्द का वह रूप जिससे पुरूष जाति का बोध हो।

4. लिंग के कितने प्रकार होते है।

प्रश्न–5 सही मिलान कीजिए– (2)

कारक	परसर्ग
कर्ता	अरे!
कर्म	का, के, की
संबंध	को
संबोधन	ने

Downloaded From www.cgboard.org

प्रश्न–6 सही (√) व गलत (×) का चिह्न लगाइए– (2)

1. चाँदी भाववाचक संज्ञा है।

2. उत्तम, मध्यम व अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम के रूप है।

3. 'वृद्ध' शब्द का स्त्रीलिंग 'वृद्धि' होता है।

4. सोना द्रव्यवाचक संज्ञा है।

प्रश्न–7 दिए गए समस्तपदों का विग्रह कीजिए– (2)

1) दयासागर 2) रसभरा 3) बेहिसाब 4) यथाशक्ति

प्रश्न–8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–(कोई–2) (3)

1. संधि की परिभाषा लिखिए।

2. प्रत्यय की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

3. विदेशी शब्दों से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

4. विशेषण से आप क्या समझे है? विशेषण के भेद भी बताइए।

खण्ड–(ब) हिन्दी–साहित्य

प्रश्न–1 श्रुतलेख लिखिए – (2)

प्रश्न–2 शब्दों के अर्थ लिखिए- (2)

1) समर्पित 2) भाप 3) दिशाभान 4) पीहर

प्रश्न–3 रिक्त स्थान भरिए– (2)

1. सुभागी को.............ने मंगलमय दंड कहा।

2. महादेवी वर्मा की गाय का नाम.............था।

3. रियो ओलंपिक में भाग लेने के लिए................भारतीय खिलाड़ियों का दल गया।

4. कोणार्क मंदिर ....देवता को समर्पित है।

Downloaded From www.icseboard.org

प्रश्न–4 विपरीतार्थक शब्द लिखिए– (2)

1) मित्र 2) प्रकाश 3) सज्जन 4) प्रशंसा

प्रश्न–5 निम्न शब्दों का संधि–विच्छेद कीजिए– (2)

1) हिमालय 2) विद्यार्थी 3) धर्मात्मा 4) दयानंद

प्रश्न–6 मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए– (2)

1) तिनका तक न उठाना। 2) हाथ पाँव ठंडे पड़ना।

प्रश्न–7 लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए–(कोई–2) (2)

1. 'दे चंद्रभान नारा अपना महान भारत' ऐसा क्यों कहा गया है ?
2. भारत ने आधिकारिक तौर पर ओलंपिक में कब और कहाँ भाग लिया।
3. राजा नरसिंह देव ने कोणार्क का निर्माण क्यों करवाया।
4. प्रसाद जी अचानक जौरा के लिए क्यों चल पड़े।

प्रश्न–8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (कोई–2) (3)

1. आशय स्पष्ट कीजिए – "मैं सोच रही थी बच्चे थोड़ा आराम कर लेते। अभी–अभी तो बेचारे मुक्त हुए है। "
2. रियो ओलंपिक में किन भारतीय खिलाड़ियों ने किन स्पर्धाओं में कौन–से पदक जीते ?
3. भारत को धरती का स्वर्ग क्यों कहा जाता है ?
4. भारतीय रेल के बारे में बताइए।

प्रश्न–9 संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए– (1)

चाह रहे हम इस धरती को स्वर्ग बनाना
अगर कही हो स्वर्ग उसे धरती पर लाना।

Downloaded From www.icseboard.org